प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
15.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00 बजे

प्रधान–ब्रिफिंग

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा है कि विद्यार्थी सरकार की प्राथमिकता है और सरकार उनके लिए संवेदनशील है। उन्होंने आज नई दिल्ली में बताया कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी– एनटीए ने नीट–यूजी 2026 परीक्षा 21 जून को दोबारा आयोजित करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को 14 जून तक प्रवेश कार्ड उपलब्ध करा दिए जाएंगे। शिक्षा मंत्री ने कहा कि वर्तमान में ओ.एम.आर. मोड में आयोजित होने वाली नीट–यूजी परीक्षा अलगे वर्ष से कम्प्यूटर आधारित यानी सी.बी.टी. माध्यम से होगी। उन्होंने कहा कि एन.टी.ए. में ठोस सुधारों की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भविष्य में किसी भी तरह की अनियमितताओं को रोकने के लिए परीक्षा प्रणाली को सुदृ ढ़ करने संबंधी उपाय किए जाएंगे। धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि सरकार नहीं चाहती कि कोई भी योग्य विद्यार्थी फर्जी उम्मीदवारों की धांधली या शिक्षा माफिया की साजिशों के कारण अपने अधिकारों से वंचित हो जाए।

निकाय चुनाव

प्रदेश में 51 शहरी निकायों के लिए 17 मई को होने वाले चुनाव को लेकर अब से कुछ देर पहले 3 बजे खुलेआम चुनाव प्रचार समाप्त हो गया है। दोनों प्रमुख दलों भाजपा व कांग्रेस ने चुनाव प्रचार में अपनी पूरी ताकत झोंकी। पूर्व केंद्रीय मंत्री व वरिष्ठ भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने आज सोलन में नगर निगम चुनाव को लेकर पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार किया। एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर झूठे वायदे कर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि सोलन सहित राज्य के अन्य स्थानों पर शहरी निकाय चुनावों में भाजपा की जीत होगी। उधर नाहन नगर परिषद में भी प्रचार के अंतिम दिन आज कांग्रेस व भाजपा ने चुनाव प्रचार किया। कांग्रेस विधायक अजय सोलंकी ने नगर परिषद में अपनी पार्टी की जीत का दावा किया और कहा कि राज्य सरकार की नीतियों व कार्यक्रमों से जनता खुश है।

हड़ताल

नगर निगम शिमला में सफाई कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। सैहब सोसायटी से जुड़े ये कर्मचारी 10 फीसदी वेतन वृद्धि की मांग कर रहे हैं। सैहब सफाई कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष जसवंत सिंह ने कहा कि निगम प्रशासन द्वारा पिछले लंबे समय से उनकी मांगों को नज़रअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नगर निगम की जनता से हर वर्ष 10 फीसदी बढ़ौतरी के हिसाब से शुल्क वसूला जा रहा है, लेकिन सफाई कर्मचारियों के वेतन में नियमों के अनुसार वृद्धि नहीं की जा रही है।

संशोधित अवकाश

राज्य सरकार ने पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों को लेकर मतदान दिवस पर संबंधित क्षेत्रों में भुगतान सहित अवकाश घोषित किया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार 26, 28 और 30 मई को संबंधित क्षेत्रों में सरकारी व निजी संस्थान बंद रहेंगे, ताकि अधिक से अधिक लोग अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि कर्मचारियों और अधिकारियों को उसी दिन छुट्टी मिलेगी, जब उनकी पंचायत और संबंधित क्षेत्र में मतदान होगा। दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को भी ये अवकाश मान्य होगा।

आईपीएल

धर्मशाला के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में कल पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरू के बीच आई.पी.एल. का अहम मुकाबला खेला जाएगा। आर.सी.बी. की टीम आज दोपहर कांगड़ा एयरपोर्ट पहुंची, जहां विराट कोहली सहित अन्य खिलाड़ियों को देखने के लिए क्रिकेट प्रेमियों में खासा उत्साह रहा।